कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून

पंत्राक 676 / विकास कार्य / नि0सू0 / 2025–26 दिनांक 25/2/2026

निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न कार्यो हेतु इस प्रकार के कार्य करने वाली दक्ष एवं अनुभवी ठेकेदारो / फर्मो जो आयकर, व्यापार कर / जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हो,ऐसे फर्म / ठेकेदारो से सील बन्द निविदा दिनांक 16.3.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदा बाक्स के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा। आगणन में अकिंत विशिष्टियों की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिवर्तन (घटत / बढत) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप / आंकलन के आधार पर किया जायेगा।

इच्छुक ठेकेदार / फर्म द्वारा उक्त कार्य हेतु तालिका में अंकित निविदा मूल्य की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0 / सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधिशासी अभियन्ता,म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, को दिनांक 04.3.2026 से दिनांक 13.3.2026. तक कार्यालय दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग, चतुर्थ तल में जमा कराकर निविदा फार्म शर्तो सहित प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित समय के उपरान्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा फार्म के साथ संलग्न शर्तो एवं निविदा सूचना में उल्लेखित शर्तो को पूर्ण करने वाली फर्म /ठेकेदार की ही निविदा पर विचार किया जायेगा। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र, जी0 पी0 डब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या शासनादेश संख्या 1197/II (2)/07–75(सामान्य) / II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी। कार्यो की लागत में नियमानुसार जी0एस0टी0 की राशि सम्मिलित है। समस्त निविदाओं की बैधता 60 दिन मान्य रहेगी।

क0	कार्य का नाम	लागत (लाख रू0)	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	समय
1	प्राधिकरण कार्यालय में सभी प्रकार की लाईट फिटिंग, वायरिंग, स्वीच बोर्ड, एम0सी0बी0 बोर्ड आदि कार्यो की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	15.50	46,500.00	1770.00	03 वर्ष
2	प्राधिकरण कार्यालय में फायर फाईटिंग के कार्य की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	7.95	24,000.00	1180.00	03 वर्ष
3	प्राधिकरण कार्यालय में सेन्ट्रल ए0सी0 व यू0पी0एस0 हेतु सर्वो सिस्टम की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	2.00	6,000.00	590.00	03 वर्ष
4	प्राधिकरण कार्यालय में लगे सेन्ट्रल ए0सी0 सिस्टम हेतु फ्रेस ऐयर सिस्टम की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	2.40	7,200.00	590.00	03 वर्ष
5	प्राधिकरण कार्यालय में इलैक्ट्रिक पैनल बोर्ड, केबलिंग व अर्थिग इक्यूपमेन्ट की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	2.70	8,100.00	590.00	03 वर्ष
6	प्राधिकरण कार्यालय में लगी दो इलैक्ट्रिक लिफ्ट की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	12.18	36,600.00	1770.00	03 वर्ष
7	प्राधिकरण कार्यालय में लगे सैन्ट्रल ए0सी0 सिस्टम की 03 वर्ष हेतु ए0एम0सी0 का कार्य	30.41	75,000.00	2950.00	03 वर्ष

निविदा के साथ मूल रूप में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किये जाने अनिवार्य है :–

1. निविदा वैधता के सम्बन्ध में, सत्यता और शुद्धता के सम्बन्ध में, लिटिगेशन की सूचना के सम्बन्ध में, निविदा समिति के निर्णय/नो क्लेम के सम्बन्ध में, No Dues के सम्बन्ध में, एवं जी0एस0टी0, आई0टी0 व अन्य विभागों के सम्बन्ध में रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर, एवं रू0 1.00 के रसीदी टिकट के साथ नोटराइज्ड़ हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

2. उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश सं0 770/iii(2) 17-20(सामान्य) 2011 टी0सी0 दिनांक 12.06.2017 के अनुसार विभागीय दरों से 5 प्रतिशत से कम दरों पर निविदा देने पर अतिरिक्त परफोरमेंस सिक्योरिटी नियमानुसार जमा करनी होगी।

3. प्राधिकरण को बिना कारण बताये किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा।

4. निविदा में प्रतिभाग करने में दूरसंचार एवं निविदा को बेवसाईट पर तकनीकी खराबी आदि से निविदादाता को होने वाली कठिनाइयों हेतु प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।

प्रतिलिपिः–

1–सचिव,म0दे0वि0प्राधि0देहरादून ।
2–मुख्य लेखाधिकारी म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून ।
3–अधीक्षण अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण, देहरादून।
4–नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद/सिचाई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा हेतु।
5–नाजिर म0दे0वि0प्राधि0 को इस आशय से प्रेषित कि वे रोस्टर के अनुसार 02 दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रतियां इस अनुभाग को उपलब्ध करायेगें ।
6– आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से कि विज्ञप्ति को बेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7–प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
8–सम्बन्धित पत्रावली पर संलग्न करने हेतु ।

अधिशासी अभियन्ता,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।